NHSRCL
National High Speed Rail Corporation Ltd.

DAINIK BHASKAR, Surat, 18.2.2025
Page No. 2, Size:(18.16)cms X (8.51)cms.

सिटी एंकर

गुजरात में छह स्टील ब्रिज, चार पीएससी ब्रिज और 13 रिवर ब्रिज का निर्माण हो चुका

सूरत बुलेट रेल स्टेशन तक पहुंची फुल स्पान लॉन्चिंग गैंट्री मशीन

ट्रांसपोर्ट रिपोर्टर | सूरत

शहर के अंतरोली में बन रहे बुलेट ट्रेन के स्टेशन का सिविल वर्क अपने अंतिम चरण में है। एलीवेटेड रूट भी हाईस्पीड स्टेशन से कनेक्ट होने वाला है। एलिवेटेड रूट के गर्डर लॉन्च करने वाली फुल स्पान लॉन्चिंग गैन्ट्री मशीन धीरे-धीरे सूरत हाई स्पीड स्टेशन के पास पहुंच रही है। अब तक 260 किमी से ज्यादा का वायडक्ट तैयार हो चुका है।

परियोजना की ऐसी है स्थिति

- 260 किमी से अधिक वायाडक्ट और 360 किमी रूट के पिलर बन चुके।
- गुजरात में छह स्टील ब्रिज, चार पीएससी ब्रिज और 13 रिवर ब्रिज का निर्माण किया जा चुका है।
- 95 किमी से अधिक आरसी ट्रैक बेड और वायाडक्ट पर वेल्डिंग का काम चल रहा है।
- गुजरात में 100 किमी से अधिक वायाडक्ट पर नॉइज बैरियर इंस्टॉल।
- ओवरहेड विद्युतीकरण कार्य प्रारंभ किया जा चुका है।
- 8 बुलेट ट्रेन स्टेशनों में से 6 पर संरचनात्मक कार्य पूरा हो चुका है।

महाराष्ट्र में भी काम की रफ्तार बढ़ी

महाराष्ट्र में मुंबई बुलेट ट्रेन स्टेशन पर तीन एलिवेटेड स्टेशनों और बेस स्लैब पर काम प्रारंभ हो चुका है। बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स और शिलफाटा के बीच 21 किमी लंबी सुरंग के लिए खुदाई शुरू हो गई है। विक्रोली और सावली शाफ्ट सुरंग बोरिंग मशीनों के लिए तैयार हैं। पालघर जिले में 7 पर्वतीय सुरंगों पर निर्माण शुरू हो चुका है। सूरत, नवसारी और भरूच में तीन सेल्फ हेल्प ग्रुप की स्थापना की गई, जो आदिवासी क्षेत्रों में महिलाओं के लिए लागत प्रभावी सैनिटरी नैपकिन का उत्पादन करते हैं।